शनिवार, 18 मई, 2013
राज एक्सप्रेस

## शिविर में बच्चे सीख रहे हुनर

**छतरपुर।** लवकुशनगर स्थित पुरानी तहसील के पास ऋषिकुल कला संगीत महाविद्यालय में इस समय योग, संगीत, कला शिविर चल रहा है। शिविर के माध्यम से तीन दर्जन से अधिक बच्चे योग, संगीत एवं कला का हुनर सीख रहे हैं। ऋषिकुल आश्रम समिति की ओर से आयोजित इस शिविर के माध्यम से ममता पाल बच्चों को गायन सिखा रही है। इसी तरह आरती सिंह नृत्य, माधुरी जड़िया मेंहदी एवं रंगोली तथा अंशुल शर्मा ढोलक की बारीकियां बता रहे हैं। 1 मई से शुरू यह शिविर 30 मई तक चलेगा।

छतरपुर 18 मई शनिवार, 2013
सांध्य दैनिक
छतरपुर टाइम्स

## लवकुशनगर में चल रहा योग एवं संगीत कला शिविर

लवकुशनगर। मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर ऋषिकुल आश्रम समिति द्वारा नगर में ग्रीष्मकालीन योग संगीत एवं कला शिविर चलाया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले इस शिविर में बच्चों को योग एवं संगीत कला का प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जा रहा है। शिविर में बच्चों को सृजनात्मक एवं रचनात्मक विकास हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है। एक माह तक चलने वाले ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को योग्य एवं अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वहीं संस्था द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन विषय पर कार्य करते हुए संस्था द्वारा नगर के लोगों को जल संरक्षण हेतु समझाईश दी गयी वहीं स्थानीय पुरानी तहसील के पास पं. उपेंद्रनाथ ऋषिकुल बहुउद्देशीय महाविद्यालय के सामने सार्वजानिक प्याऊ का शुभारंभ किया गया है ताकि राहगीरों को भीषण गर्मी में जल का अभाव महसूस न हो सके।

राज एक्सप्रे
भोपाल, शनिवार, 19 मई 20

## ऋषिकुल आश्रम का ग्रीष्मकालीन योग, संगीत, कला शिविर

# डीआईजी ने सिखाया योग

गांधी आश्रम में ऋषिकुल आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित ग्रीष्म कालीन योग, संगीत, कला शिविर आयोजित किया गया है। इसमें शुक्रवार की सुबह रेंज डीआईजी वेदप्रकाश शर्मा अवलोकन करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बच्चों को योग करने के तरीके और लाभ के बारे में बताया।



■ राज न्यूज़ नेटवर्क

छतरपुर। रेंज डीआईजी वेदप्रकाश शर्मा ने शुक्रवार को सुबह साढ़े छह बजे गांधी आश्रम पहुंच कर ऋषिकुल आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित ग्रीष्म कालीन योग, संगीत, कला शिविर का अवलोकन किया और बच्चों का उत्साह वर्धन करने के साथ योग का अभ्यास भी कराया।

## प्रतिभाओं की कमी नहीं

शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह शिविर विविध कलाओं का संगम है जिसमें बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है लोगों को चाहिए ऐसे शि[illegible] में अपने बच्चों को अवश्य शामिल कराएं। यद्यपि इस क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

## ललक को देख हुए अभिभूत

शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि डीआईजी श्री शर्मा शिविर स्थल पहुंचे तथा भारतीय कला एवं संस्कृति से रूबरू कराने आयोजित शिविर में संगीत, पेंटिंग, योग सीख रहे बच्चों के समक्ष पहुंचे तथा उन्होंने शिक्षकों के सिखाने के तरीके और बच्चों में कला संगीत सीखने की ललक को देखते हुए अभिभूत हो गए और उन्होंने शिविर संचालक पं. शिवपूजन अवस्थी की इस अभिनव पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की । उन्होंने बच्चों को योग के गुर भी सिखाए तथा कहा कि यदि जीवन में स्वस्थ्य रहना है तो नित्य योग करना आवश्यक है।

## राजस्थान से आए चित्रकार

शिविर में मेवाड़ी फड़ पेंटिंग सिखाने लिए चित्तौड़गढ़ राजस्थान से आए प्रसिद्ध चित्रकार एसएन जोशी एवं दिलीप जोशी बच्चों को पेंटिंग के गुर सिखा कर एक नई विधा का विस्तार कर रहे हैं। इस अवसर पर स्पिक मैके के जिला संयोजक शिवपूजन अवस्थी, गांधी आश्रम के संजय सिंह, दुर्गा प्रसाद आर्य, समाजसेवी भानु जैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## समिति ने किया सहयोग

इस शिविर में संगीत, कला, योग सीख रहे बच्चों को सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा फल वितरण किए गए और अध्यक्ष सौरभ तिवारी ने बच्चों को भारतीय कला व भारतीय संस्कृति के संबंध में बता कर सदैव ही संस्कारवान रहने की सीख दी। समिति के सदस्यों सौरभ तिवारी, शानू ताम्रकार, रितेश अरजरिया, गोविंदा ताम्रकार, पवन ताम्रकार, रिंकू दुबे, बुलट सोनी, अजय यादव, गौरव तिवारी ने सभी शिविरार्थियों की हौसलाआफजाई की।

दैनिक छतरपुर भ्रमण

# डीआईजी ने किया योग, संगीत, कला शिविर का अवलोकन



छतरपुर 18 मई / रेंज डीआईजी वेदप्रकाश शर्मा ने शुक्रवार को सुबह साढ़े छै बजे गांधी आश्रम पहुंच कर ऋषिकुल आश्रम सेवा समिति के तत्वावधान में संचालित ग्रीष्म कालीन योग, संगीत, कला शिविर का अवलोकन किया और बच्चों का उत्साह वर्धन करने के साथ योग का अभ्यास भी कराया।

शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि यह शिविर विविध कलाओं का संगम है जिसमें बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सकता है लोगों को चाहिए ऐसे शिविरों में अपने बच्चों को अवश्य शामिल कराएं। यद्यपि इस क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि डीआईजी श्री शर्मा शिविर स्थल पहुंचे तथा भारतीय कला एवं संस्कृति से रूबरू कराने आयोजित शिविर में संगीत, पेंटिंग, योग सीख रहे बच्चों के समक्ष पहुंचे तथा उन्होंने शिक्षकों के सिखाने के तरीके और बच्चों में कला संगीत सीखने की ललक को देखते हुए अभिभूत हो गए और उन्होंने शिविर संचालक पं. शिवपूजन अवस्थी की इस अभिनव पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को योग के गुर भी सिखाए तथा कहा कि यदि जीवन में स्वस्थ्य रहना है तो नित्य योग करना आवश्यक है।

शिविर में मेवाड़ी फड़ पेंटिंग सिखाने लिए चित्तौड़गढ़ राजस्थान से आए प्रसिद्ध चित्रकार एस.एन. जोशी एवं दिलीप जोशी बच्चों को पेंटिंग के गुर सिखा कर एक नई विधा का विस्तार कर रहे हैं। इस अवसर पर स्पिक मैके के जिला संयोजक शिवपूजन अवस्थी, गांधी आश्रम के संजय सिंह, दुर्गा प्रसाद आर्य, समाजसेवी भानु जैन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

***सनातन धर्म सेवा समिति ने किया सहयोग-***

इस शिविर में संगीत, कला, योग सीख रहे बच्चों को सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा फल वितरण किए गए और अध्यक्ष सौरभ तिवारी ने बच्चों को भारतीय कला व भारतीय संस्कृति के वारे में बता कर सदैव ही संस्कारवान रहने की सीख दी। समिति के सदस्यों सौरभ तिवारी, शानू ताम्रकार, रितेश अरजरिय ा, गोविंदा ताम्रकार, पवन ताम्रकार, रिंकू दुबे, बुलट सोनी, अजय यादव, गौरव तिवारी ने सभी शिविरार्थियों की हौसलाआफजाई की।

---

विंध्य-शक्ति छतरपुर
गुरुवार, 31 मई 2012

# संगीतकला शिविर का समापन आज

छतरपुर। गांधी आश्रम भवन में सृजनात्मक युवा भारत के तत्वावधान में गांधी आश्रम में चले एक माह के योग संगीत कला शिविर का गुरूवार को शाम 7 बजे नगर पालिका के टाउन हाल में समापन होगा।

राज की दुनिया

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर का समापन

छतरपुर, 30 मई ( कासं )। गांधी आश्रम में महीने भर से चल रहे श्रृजनात्मक युवा भारत योग, संगीत, कला शिविर का कल रात नगर पालिका प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, गांधी आश्रम के दुर्गा प्रसाद आर्य, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य चंद्रकांत शर्मा, हटवारा प्राचार्य ओपी शर्मा, प्रदीप खरे एवं दुर्गेश खरे अतिथि के रूप में मौजूद थे।

ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में इस शिविर का शुभारंभ 1 मई को हुआ था। शिविर में बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली एवं नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए मास्टर ट्रेनरों से प्राप्त किया। समापन समारोह में महीनेभर में सीखे हुनर को दिखाने के लिए बच्चे मंच पर उतरे और अपना जादू बिखेर दिया। बच्चों ने कथक नृत्य, गीतों की प्रस्तुति, तबला वादन तथा बुन्देली नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मंच के बगल में ही प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई थी।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बच्चों ने स्वागत गीत पेश किया तत्पश्चात शिविर का प्रतिवेदन गांधी आश्रम के संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। शिविर का संचालन अश्विनी दुबे ने किया। शिविर के संयोजक शिवपूजन अवस्थी ने आभार जताया।

---

दैनिक बुन्देली मंच

छतरपुर, मंगलवार 31 मई 2011

# योग संगीत कला शिविर का रंगारंग समापन

*छतरपुर, 30 मई कार्या.।* पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शीर्ष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में

...शेष पृष्ठ चार पर

## योग संगीत कला शिविर...

बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

छतरपुर, मंगलवार 31 मई 2011

दैनिक शुभ भारत

# युवा भारत योग संगीत कला शिविर सम्पन्न

छतरपुर। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। [illegible] बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में



प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

सतना, मंगलवार, 31 मई 2011

# बच्चों के नृत्य ने मोह लिया बड़ों का मन

स्टार समाचार » छतरपुर

■ रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ संगीत कला शिविर का हुआ समापन

स्थानीय गांधी आश्रम में विगत एक माह से चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का समापन रविवार शाम नगरपालिका प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए श्रेष्ठ कलाकारों ने एक मई से 30 मई तक गांधी आश्रम के प्राकृतिक वातावरण में दिया जिसमें समय समय पर शहर के अनेकों अधिकारियों समाजसेवी संस्थाओं गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर आवश्यक सुझाव भी दिए। उक्त कार्यक्रम का समापन समारोह रविवार शाम 7 बजे से नगरपालिका प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें प्रमुख रूप से डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आरएसएस विभाग संघ चालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, गांधी आश्रम के दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे मंटू, दुर्गेश खरे, महर्षि विद्यालय मंदिर के प्राचार्य चंद्रकांत शर्मा एवं ओपी शर्मा के आतिथ्य में हुए समारोह में सबसे पहले दीप प्रज्वलन कर स्वागत गीत बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं गांधी आश्रम के संजय सिंह द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

तत्पश्चात योग प्रशिक्षक पंकज [illegible] में योग क्रिया को बच्चो ने मंच [illegible] इसके बाद [illegible] के तारतम्य में प्रशिक्षक शालिनी [illegible] गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कथक नृत्य, आकांक्षा [illegible] बनारस के निर्देशन में गीतों [illegible] शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तु[illegible] उपस्थित सभी लोगों का मंत्रमुग्ध [illegible] इसके साथ ही कार्यक्रम में बुंदेली नृत्य का मंचन बिंदु दीक्षित के निर्देशन में किया गया। इसके साथ ही मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालिनी चौरसिया के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसको लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी दुबे ने किया एवं [illegible] धर्मसेवा समिति द्वारा [illegible] व्यवस्थाओं को बखूबी संभाला गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण व्ही केवल नेटवर्क के माध्यम से पूरे शहर में किया गया। अंत में शिविर संयोजक शिवपूजन अवस्थी ने शहर के सभी समाज सेवियों, गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारो के सहयोग के लिए आभार ज्ञापित किया।

---

विंध्य-शक्ति छतरपुर
मंगलवार, 31 मई 2011

# युवा भारत योग संगीत कला शिविर सम्पन्न

छतरपुर। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

कृष्णा क्रान्ति
छतरपुर, गुरुवार, 31 मई 2012

# शिविरों से प्रतिभाओं का विकास होता है - सीजेएम

## कला के विकास के लिये शिविर आवश्यक हैं - दुर्गेश खरे



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि सीजेएम श्री डीपी मिश्रा एवं व्ही न्यूज के डायरेक्टर दुर्गेश खरे। संगीत शिविर में बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

लवकुशनगर, 30 मई। पं. उपेन्द्रनाथ योग संगीत कला महाविद्यालय के तत्वाधान में पिछले एक माह से चल रहे ग्रीष्मकालीन योग संगीतकला शिविर का मंगलवार की शाम नामदेव रेज हाउस में समापन हो गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मान्नीय श्री डीपी मिश्रा शामिल हुये। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्ही न्यूज के डायरेक्टर दुर्गेश खरे द्वारा की गयी। विशिष्ट अतिथि के रूप में लवकुशनगर एसडीएम रमेश सिंह, तहसीलदार यूसी मेहरा, सिविल जज श्री नामदेव, श्री त्रिवेदी, जनपद सीईओ आरपी मिश्रा, भाजपा नेत्री उपमा त्रिपाठी मंचासीन थीं।

समापन समारोह में दिल्ली से आयीं प्रख्यात नृत्यांगना एवं कत्थक में महारथ हासिल कर चुकी शालिनी शर्मा द्वारा यहां कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। शालिनी शर्मा की ही निगरानी में ही यहां संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छोटे छोटे बच्चों द्वारा कत्थक क प्रस्तुति दी गयी। करीब तीन घंटे तक चले कार्यक्रम में प्रतिभागी अपनी प्रस्तुतियां देते रहे। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुये सीजेएम श्री मिश्रा ने कहा कि प्रतिभायें जन्मजात होती हैं और इनका विकास शिविरों से ही होता है अतः प्रतिभाओं को दिशा देने के लिये इस प्रकार के शिविरों का आयोजन बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे व्ही न्यूज के डायरेक्टर दुर्गेश खरे ने कहा कि प्रतिभाओं के विकास और कला को निखारने के लिये संगीत शिविरों का आयोजन समय समय पर होता रहना चाहिए। पं. उपेन्द्रनाथ संगीत कला महाविद्यालय द्वारा जो शिविर का आयोजन किया गया वह एक बेहद सराहनीय कार्य है। समापन समारोह को श्रीमति हर्षिता खरे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता वीरेन्द्र सर्राफ, शिवपूजन अवस्थी, सिन्नी बाजपेयी, राकेश रिछारिया, बाबूराम सिंह, पत्रकार राजेश निगम, जावेद खान, विकास गंगेले, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन समारोह में व्ही न्यूज की सह मालिक श्रीमति हर्षिता खरे का अभिनंदन किया गया।

### ओज को मिला सम्मान

ग्रीष्मकालीन योग संगीत कला शिविर के समापन समारोह में उत्कृष्ट तबला वादन करने वाले ओज खरे को संस्था द्वारा पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अन्य प्रतिभाओं को भी पुरस्कृत किया गया।

छतरपुर, गुरूवार 03 मई 2012

दैनिक बुन्देली मंच

## गांधी आश्रम में शुरू हुआ ग्रीष्म कालीन शिविर

छतरपुर। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थानीय गांधी आश्रम में नौनिहालों को योग, संगीत व कला से रूबरू कराने के लिए सृजनात्क युवा भारत ग्रीष्मकालीन शिविर का आयाजन किया जा रहा है जिसमें एक माह तक बच्चों को विभिन्न विद्याओं का प्रशिक्षण योग्य व अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि बच्चों की सृजनात्कक क्षमता निखारने व कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में सृजनात्मक युवा भारत के बैनर तले इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों को योग, संगीत, वादन, नृत्य, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली आदि विधाओं का प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यान कलाकारों द्वारा 1 मई से 31 मई तक सुबह 6 बजे से 9 बजे तक दिया जाएगा।

दैनिक शुभ भारत

छतरपुर, गुरूवार 03 मई 2012

ww.shubhbharat.com

## गांधी आश्रम में ग्रीष्म कालीन शिविर शुरू

छतरपुर ( एस.बी.न्यूज )02 मई। विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्थानीय गांधी आश्रम में नौनिहालों को योग, संगीत व कला से रूबरू कराने के लिए सृजनात्क युवा भारत ग्रीष्मकालीन शिविर का आयाजन किया जा रहा है जिसमें एक माह तक बच्चों को विभिन्न विद्याओं का प्रशिक्षण योग्य व अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि बच्चों की सृजनात्मक क्षमता निखारने व कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में सृजनात्मक युवा भारत के बैनर तले इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों को योग, संगीत, वादन, नृत्य, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली आदि विधाओं का प्रशिक्षण उत्कृष्ट विद्यान कलाकारों द्वारा 1 मई से 31 मई तक सुबह 6 बजे से 9 बजे तक दिया जाएगा।

राज की दुनिया

छतरपुर, गुरूवार 3 मई 2012

## छुट्टियों में योग, कला और संगीत सीखेंगे बच्चे

छतरपुर। गांधी आश्रम में ग्रीष्म कालीन शिविर का कल शुभारंभ हो गया। शिविर में बच्चों को महीनेभर तक योग, कला और संगीत का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर के मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी ने बताया कि प्रसिद्ध चित्रकार चितौड़गढ़ के एसएन जोशी, दिल्ली की नृत्यांगना शालिनी सिंह तथा गायन में अला उद्दीन की परंपरा से जुड़े प्रहलाद सेन सहित कई कलाकार बच्चों को ट्रेनिंग देंगे। शिविर में रोजाना सुबह 6 से 9 बजे तक योग, संगीत, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली आदि का प्रशिक्षण शिविर के संयोजक शिवपूजन अवस्थी, अजय यादव, पंकज सोनी, शालिनी चौरसिया, रिचा सिंह, सविता राजपूत और सुंदरम त्रिपाठी द्वारा दिया जा रहा है।

नईदुनिया

नईदुनिया | ग्वालियर, मंगलवार 31 मई 2011

## योग, संगीत और कला शिविर का रंगारंग समापन

# नन्हे कलाकारों ने बांधा समां

## बच्चों ने लगाई चित्र प्रदर्शनी

**छतरपुर।** गांधी आश्रम में एक माह तक चले योग, संगीत एवं कला शिविर का नगर पालिका प्रांगण में समारोहपूर्वक समापन हुआ। इस मौके पर बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए जमकर वाहवाही लूटी। बच्चों के प्रशिक्षकों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।



शिविर के समापन समारोह में मंचासीन अतिथि।


सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति देतीं बालिकाएं।

सृजनात्मक युवा भारत द्वारा गांधी आश्रम में ग्रीष्मकालीन योग, संगीत एवं कला शिविर का आयोजन किया गया था। बीती 1 मई से शुरू हुए शिविर का रविवार की शाम नगर पालिका प्रांगण में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन हुआ। समारोह में डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तने झांसी, दुर्गाप्रसाद आर्य मंत्री गांधी आश्रम, राजेंद्र चतुर्वेदी विभाग संघ चालक आरएसएस, चंद्रकांत शर्मा प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर, ओपी शर्मा प्राचार्य, अशोक राय, प्रो.जेपी मिश्रा, दुर्गेश खरे एवं बद्रीप्रसाद प्रसाद खरे निरंकार अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। आयोजन समिति के सदस्यों ने अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया। गांधी आश्रम के सहमंत्री संजय सिंह ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्वागत गीत के बाद रंगारंग प्रस्तुतियां प्रारंभ हुईं। सबसे पहले अकांक्षा तिवारी के निर्देशन में बच्चियों द्वारा सामूहिक गीत पेश किया गया। योग प्रशिक्षक पंकज सोनी के निर्देशन में बच्चों ने योग की सामूहिक प्रस्तुति दी। शिवपूजन अवस्थी के निर्देशन में बच्चों द्वारा तबला वादन प्रस्तुत किया गया। नृत्य प्रशिक्षक शालिनी सिंह के निर्देशन में बच्चियों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। आकांक्षा तिवारी बनारस ने एकल गायन भी पेश किया। कथक नृत्यांगना एवं बच्चों को नृत्य का प्रशिक्षण देने वाली शालिनी सिंह गाजियाबाद ने खुद भी नृत्य की एकल प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अरविंद दीक्षित के निर्देशन में बच्चों द्वारा बुंदेली नृत्य नौरता की सामूहिक प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर नाटक 'ढोंगी बाबा' का मंचन भी किया गया। नगर पालिका सांस्कृतिक मंच के बगल में बच्चों की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। विजन केबल नेटवर्क की ओर से सभी प्रशिक्षकों एवं कलाकारों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए। कार्यक्रम में शिविर संयोजक शिवपूजन अवस्थी, मीडिया प्रभारी सौरभ तिवारी, मनोज चौरसिया सहित बच्चों के अभिभावक एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह का संचालन अश्विनी दुबे ने किया। -नंसे

राज की दुनिया

छतरपुर, मंगलवार 31 मई 2011

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर का समापन

छतरपुर, 30 मई ( कासं )। गांधी आश्रम में महीने भर से चल रहे श्रृजनात्मक युवा भारत योग, संगीत, कला शिविर का कल रात नगर पालिका प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, गांधी आश्रम के दुर्गा प्रसाद आर्य, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य चंद्रकांत शर्मा, हटवारा प्राचार्य ओपी शर्मा, प्रदीप खरे एवं दुर्गेश खरे अतिथि के रूप में मौजूद थे।

ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में इस शिविर का शुभारंभ 1 मई को हुआ था। शिविर में बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली एवं नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए मास्टर ट्रेनरों से प्राप्त किया। समापन समारोह में महीनेभर में सीखे हुनर को दिखाने के लिए बच्चे मंच पर उतरे और अपना जादू बिखेर दिया। बच्चों ने कथक नृत्य, गीतों की प्रस्तुति, तबला वादन तथा बुन्देली नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मंच के बगल में ही प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई थी।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। बच्चों ने स्वागत गीत पेश किया तत्पश्चात शिविर का प्रतिवेदन गांधी आश्रम के संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। शिविर का संचालन अश्विनी दुबे ने किया। शिविर के संयोजक शिवपूजन अवस्थी ने आभार जताया।

दैनिक बुन्देली मंच

छतरपुर, मंगलवार 31 मई 2011

# योग संगीत कला शिविर का रंगारंग समापन

छतरपुर, 30 मई कार्या.। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में ...शेष पृष्ठ चार पर

प्रथम पृष्ठ का शेष

## योग संगीत कला शिविर...

बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

विंध्य–शक्ति छतरपुर
मंगलवार, 31 मई 2011

# युवा भारत योग संगीत कला शिविर सम्पन्न

छतरपुर। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

विंध्य–शक्ति छतरपुर
मंगलवार, 31 मई 2011

युवा भारत योग संगीत कला शिविर सम्पन्न

छतरपुर। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

राज की दुनिया

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर का समापन

छतरपुर, 30 मई (कासं)। गांधी आश्रम में महीने भर से चल रहे श्रृजनात्मक युवा भारत योग, संगीत, कला शिविर का कल रात नगर पालिका प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, गांधी आश्रम के दुर्गा प्रसाद आर्य, महर्षि विद्या मंदिर के प्राचार्य चंद्रकांत शर्मा, हटवारा प्राचार्य ओपी शर्मा, प्रदीप खरे एवं दुर्गेश खरे अतिथि के रूप में मौजूद थे।

ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वावधान में इस शिविर का शुभारंभ 1 मई को हुआ था। शिविर में बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली एवं नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए मास्टर ट्रेनरों से प्राप्त किया। समापन समारोह में महीनेभर में सीखे हुनर को दिखाने के लिए बच्चे मंच पर उतरे और अपना जादू बिखेर दिया। बच्चों ने कथक नृत्य, गीतों की प्रस्तुति, तबला वादन तथा बुन्देली नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। मंच के बगल में ही प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई थी।

शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बच्चों ने स्वागत गीत पेश किया तत्पश्चात शिविर का प्रतिवेदन गांधी आश्रम के संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। शिविर का संचालन अश्विनी दुबे ने किया। शिविर के संयोजक शिवपूजन अवस्थी ने आभार जताया।

दैनिक बुन्देली मंच | छतरपुर, मंगलवार 31 मई 2011

# योग संगीत कला शिविर का रंगारंग समापन

छतरपुर, 30 मई कार्या.। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शीष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉं. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में ...शेष पृष्ठ चार पर

## योग संगीत कला शिविर...

बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

छतरपुर, मंगलवार 31 मई 2011

दैनिक शुभ भारत

# युवा भारत योग संगीत कला शिविर सम्पन्न

छतरपुर। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉं. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में




प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।

भोपाल, रविवार , 22 मई, 2011

नव भारत



# योग और संगीत एकाग्रता पर केन्द्रित

## शांतिदूत डॉ एसएन सुब्बाराव ने युवा संवाद कार्यक्रम में दिया मार्गदर्शन

**छतरपुर. 21 मई. संवाददाता. स्थानीय गांधी स्मारक भवन में युवा संवाद कार्यक्रम में गांधीवादी एवं शांतिदूत तथा सर्वोदय समाज के संयोजक डॉ एसएन सुब्बाराव ने ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए प्रशिक्षणार्थियों को योग और संगीत सीखने के लिए एकाग्रता पर केन्द्रित रहने का मार्गदर्शन दिया.**

शनिवार को उड़ीसा से आए डॉ एसएन सुब्बाराव ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मागांधी योग और संगीत के साधक थे. उनके हर आंदोलन में शांत संगीत और योग की साधना देखी जा सकती है. उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों और प्रशिक्षकों से कहा कि समाज में हर व्यक्ति अच्छा बनना चाहता है लेकिन हालात और परिस्थितियों से व्यक्ति की दिशा तय होती है. गांधी स्मारक निधि सहमंत्री संजय सिंह ने शांतिदूत डॉ एसएन सुब्बाराव का परिचय देते हुए बताया कि गांधी विचार के प्रचार-प्रसार हेतु सर्वोच्च सम्मान जमुना लाल बजाज अवार्ड से सुब्बाराव को सम्मानित किया जा चुका है. इसके अलावा उन्हें कई अंतराष्ट्रीय पुरस्कार भी हासिल हो चुके हैं. राष्ट्रीय युवा योजना के संस्थापक डॉ सुब्बाराव ने हिंसा ग्रस्त क्षेत्र कश्मीर, नागालेंड, मणिपुर, असम आदि में शांति स्थापना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. शिविर में एक सैकड़ा से अधिक बालक-बालिकाओं ने संगीत, चित्रकला, वाध्ययंत्र वादन आदि की कला को सीखा. इन्हें प्रशिक्षण देने के लिए शालिनी सिंह गाजियाबाद, आकांक्षा तिवारी बनारस, आदर्श तिवारी, गीता सोनी, कविता राजपूत, सुन्दरम तिवारी, शालिनी चौरसिया, सौरभ तिवारी, अरविन्द्र दीक्षित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. शिवपूजन अवस्थी ने बताया कि रविवार को भी डॉ एसएन सुब्बाराव मार्गदर्शन देंगे.

छतरपुर, मंगलवार 31 मई 2011

दैनिक शुभ भारत

# युवा भारत योग संगीत कला शिविर सम्पन्न

छतरपुर। पिछले एक माह से स्थानीय गांधी आश्रम में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत योग संगीत कला शिविर का रंगारग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। ऋषिकुल आश्रम समिति के तत्वाधान में चल रहे सृजनात्मक युवा भारत शिविर में शहर के बच्चों ने योग, गायन, वादन, नृत्यकला, चित्रकला, मेंहदी, रंगोली, नाटक आदि विधाओं का प्रशिक्षण बाहर से आए शेष कलाकारों से प्राप्त किया। एक माह तक चले इस शिविर में प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने गांधी आश्रम में पहुँचकर अपने सुझाव दिए। समापन अवसर पर डॉ. कृष्ण गांधी कानपुर, डॉ. सुनंदा कीर्तन कानपुर, आर.एस.एस. के विभाग संचालक राजेन्द्र चतुर्वेदी, दुर्गा प्रसाद आर्य, प्रदीप खरे, दुर्गेश खरे, महर्षि स्कूल के प्राचार्य, चंद्रकांत शर्मा उपस्थित रहे। स्वागत गीत बच्चों ने पेश किया। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संजय सिंह ने प्रस्तुत किया। इसके बाद बच्चों ने योग प्रशिक्षक के मार्ग दर्शन में उपस्थित लोगों को योग क्रियायें दिखाई। समापन कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रशिक्षक शालनी सिंह गाजियाबाद के निर्देशन में बच्चों ने कत्थक नृत्य, आंकक्षा तिवारी बनारस के नेतृत्व में गीतों की प्रस्तुति, शिवपूजन अवस्थी, सुंदरम् त्रिपाठी, आदर्श तिवारी बनारस के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों ने तबले की प्रस्तुति दी। बुंदेली नृत्य का मंचन बिन्दू दीक्षित के निर्देशन में किया गया। मंच के बगल में




प्रशिक्षक सरिता राजपूत, गीता सोनी, शालनी चौरसिया के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों की चित्रकला की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालक अश्वनी दुबे ने किया।